समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 24 August 2026

# 19 साल बाद लौटे इमरान हाशमी ! रिलीज हुआ 'आवारापन 2' का दमदार टीजर, फिर सुनाई दिया- 'तो फिर आओ...'

Sanket Morankar Published on 29 Jun 2026




बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी एक बार फिर अपने सबसे लोकप्रिय किरदार **'शिवम'** के साथ बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रहे हैं। साल 2007 में रिलीज हुई सुपरहिट फिल्म **'आवारापन'** के लगभग 19 साल बाद इसके सीक्वल **'आवारापन 2'** का टीजर रिलीज कर दिया गया है। टीजर में एक बार फिर इमरान हाशमी दर्द, इमोशन और एक्शन से भरपूर अंदाज में नजर आ रहे हैं।

टीजर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

दर्द और इमोशन से भरी हुई है वापसी

करीब **1 मिनट 45 सेकंड** के टीजर की शुरुआत इमरान हाशमी के बाइक चलाते हुए सीन से होती है। शुरुआत में उनका चेहरा दिखाई नहीं देता, लेकिन उनकी आवाज सुनाई देती है।

वह कहते हैं—

**"कुछ लोगों की कहानियां उनकी मर्जी से खत्म नहीं होती... उनकी कहानी दूसरों के लिए लिखी जाती है।"**

इसके बाद वह एक कब्र पर पहुंचते हैं, जिस पर **'आलिया हमीद'** का नाम लिखा होता है। गौरतलब है कि पहली फिल्म में आलिया का किरदार अभिनेत्री **श्रिया सरण** ने निभाया था।

दमदार डायलॉग ने जीता दिल

टीजर में कई इमोशनल और एक्शन सीक्वेंस देखने को मिलते हैं। एक फाइट सीन के दौरान इमरान हाशमी का दमदार डायलॉग सुनाई देता है—

**"दर्द से पुराना रिश्ता है मेरा... इस बार या तो ये आवारापन खत्म होगा या फिर मै।"**

इसके बाद फिल्म का मशहूर गाना "**तो फिर आओ, मुझको सताओ...**" बैकग्राउंड में सुनाई देता है, जिसने फैंस की पुरानी यादें ताजा कर दीं।

दिशा पाटनी और शबाना आजमी भी अहम भूमिका में

फिल्म में **दिशा पाटनी** फीमेल लीड के रूप में नजर आएंगी। टीजर में उनकी छोटी-सी झलक दिखाई गई है।

वहीं, दिग्गज अभिनेत्री **शबाना आजमी** फिल्म में मुख्य विलेन के किरदार में नजर आएंगी। हालांकि टीजर में उनका स्क्रीन टाइम कम है, लेकिन उनकी मौजूदगी फिल्म को और दिलचस्प बनाती है।

इस बार नए निर्देशक के साथ आएगी फिल्म

पहली 'आवारापन' का निर्देशन **मोहित सूरी** ने किया था। वहीं इस बार फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी **नितिन कक्कड़** ने संभाली है।

हालांकि टीजर देखकर साफ है कि फिल्म की मूल भावनाओं और पुराने अंदाज को बरकरार रखने की कोशिश की गई है।

14 अगस्त को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

'आवारापन 2' का टीजर दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। इमरान हाशमी की दमदार स्क्रीन प्रेजेंस, पुराने सुपरहिट गानों की वापसी और भावनात्मक कहानी ने फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ा दी है।

यह फिल्म **14 अगस्त 2026** को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म प्रेमियों को उम्मीद है कि 'आवारापन 2' पहले भाग की तरह ही एक यादगार रोमांटिक-एक्शन ड्रामा साबित होगी।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.